ग्वालियर | बुधवार | 19 नवंबर 2025 | वर्ष 31 | अंक 94 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social


# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




5 ऑपरेशन सिंदर में ड्यूटी कर रहा फौजी पहुंचा जनसुनवाई में



6 घरेलू पिचों पर हम बार-बार क्यों हारते हैं



7 वित्त मंत्री ने स्टार्टअप क्षेत्र के साथ की बैठक



10 डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी दिल्ली में 27 को

# अल-फलाह के 25 ठिकानों पर छापे

## ईडी ने हरियाणा के फरीदाबाद सहित कई शहरों में की कार्रवाई

**नई दिल्ली, 18 नवंबर (वार्ता). दिल्ली विस्फोट मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय और दिल्ली के ओखला स्थित कार्यालय समेत 25 से अधिक परिसरों पर छापे मारे हैं. यह छापेमारी दिल्ली में लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण की विस्तारित जांच का एक हिस्सा है.**





ईडी टीमों ने मंगलवार सुबह 5:15 बजे शुरू यह कार्रवाई की. जांचकर्ताओं ने संस्थान के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से मान्यता प्राप्त होने के दावों में पहली नजर में विसंगतियां पाई हैं. इन पहलुओं की अब संबंधित नियामक प्राधिकरणों से पुष्टि की जा रही है. पुलिस प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई ईडी की जांच अब आतंकवाद से जुड़ी जांच से बढ़कर एक जटिल वित्तीय धोखाधड़ी और धनशोधन के मामले में बदल गई है, जिससे संस्थान के वित्तीय अपराधों और विस्फोट के आरोपियों की गतिविधियों के बीच गहरी सांठगांठ का संकेत मिलता है.

इसके अलावा लाल किले के पास हुए आतंकी हमले की जांच पश्चिम बंगाल तक जा पहुंची है. सूत्रों ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कोलकाता की प्रेसीडेंसी जेल में बंद एक आरोपी से पूछताछ कर रही है. आरोपी साबिर अहमद पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के पलाशीपारा इलाके का रहने वाला है. फिलहाल, वह ड्रग्स से जुड़े एक मामले में प्रेसीडेंसी जेल में बंद है. लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए जोरदार धमाके में मौत का आंकड़ा अब 15 पहुंच गया है. एलएनजेपी अस्पताल में इलाज के दौरान दो और घायलों की मौत हो गई. अस्पताल और पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है.

### एनआईए की मांग पर आरोपी जसीर को 10 दिन की रिमांड

आतंकी हमले के मामले में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को मंगलवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया. राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मांग पर कोर्ट ने आरोपी जसीर को 10 दिन की हिरासत में भेज दिया है. जासिर बिलाल आतंकी उमर का सहयोगी है. उसकी रिमांड मिलने से जांच एजेंसी को धमाके के पीछे की साजिश का पता चल सकेगा. जसीर की गिरफ्तारी से ब्लास्ट के तार कश्मीर से जुड़ गए हैं.

### खतरनाक इरादों के साथ बुनी गई आतंकी साजिश



दिल्ली कार ब्लास्ट मामले में सुरक्षा एजेंसियों को उमर का वीडियो हाथ लगा है. इस वीडियो में वह सुसाइड बॉम्बिंग की पैरवी करता दिखाई दे रहा है. ऐसे में जांच एजेंसियों को यकीन हो गया है कि दिल्ली बम धमाके को आतंकी डॉक्टरों ने किसी हड़बड़ी में अंजाम नहीं दिया था. ये बेहद सोची समझी और खतरनाक इरादों के साथ बुनी गई आतंकी साजिश थी. वहीं दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद जांच एजेंसियां हरियाणा के फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर शिकंजा कसती जा रही हैं. जांच एजेंसियों ने आतंकी मॉड्यूल से जुड़े डॉ. निसार उल हसन की डॉक्टर पत्नी और एमबीबीएस कर रही बेटी को यूनिवर्सिटी कैंपस में ही गिरफ्तार किया है. इसके अलावा एमबीबीएस के 10 और छात्रों के यूनिवर्सिटी कैंपस से बाहर जानें पर रोक लगाई गई है. इनके मोबाइल जांच एजेंसियों के पास हैं. मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्डिंग व अन्य डेटा चेक किया जा रहा है.





स्पिन के खिलाफ हमारे बल्लेबाजों का जूझना जारी है!

## इस्पात संयंत्र कर रहा प्रगति : कुमारस्वामी

**राउरकेला, 18 नवंबर. केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने मंगलवार को 2025 को सेल, राउरकेला इस्पात का दौरा किया।**

कुमारस्वामी राउरकेला संयंत्र (आरएसपी) के दो दिवसीय दौरे पर यहां आये हैं और उनके साथ सेल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमरेंदु प्रकाश और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी थे। इस अवसर पर कुमारस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत सरकार राउरकेला इस्पात संयंत्र की वृद्धि और विकास के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ओराम ने आरएसपी कर्मीसमूह के प्रयासों की सराहना की और संयंत्र से जुड़ी अपनी स्मृतियों को याद करते हुए इस्पात संयंत्र की प्रगति के लिए निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया।

## एक नजर में



### चलती एंबुलेंस में लगी आग से 4 की मौत

**नई दिल्ली.** गुजरात के अरवल्ली जिले के मोडासा शहर के पास मंगलवार तड़के एक एम्बुलेंस में आग लगने से एक नवजात शिशु, एक डॉक्टर और दो अन्य लोगों की जलकर मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी है. बताया कि मोडासा-धनसुरा रोड पर एम्बुलेंस में आग रात करीब एक बजे लगी, जब जन्म के बाद बीमार एक दिन के बच्चे को आगे के इलाज के लिए मोडासा स्थित एक अस्पताल से अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल ले जाया जा रहा था. उन्होंने बताया कि बच्चे, उसके पिता जिग्नेश मोची (38), अहमदाबाद निवासी डॉक्टर शांतिलाल रेंतिया (30) और अरवल्ली निवासी नर्स भूरीबेन मनात (23) की मौत हो गई.

### बालू माफियाओं ने दो जवानों को गाड़ी से रौंदा

**पटना.** बिहार की राजधानी पटना में बालू माफियाओं का आतंक देखने को मिला. पालीगंज अनुमंडल के दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार की रात खनन विभाग की टीम पर बालू माफियाओं ने हमला कर दिया. घटना में एक जवान की मौत हो गई है, जबकि दूसरे जवान की स्थिति नाजुक बनी हुई है. जानकारी के अनुसार, काब गांव के पास खनन विभाग की टीम अवैध बालू लदे वाहनों की चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान एक ट्रैक्टर को रोका गया. जांच के बाद पता चला कि ट्रैक्टर में अवैध बालू लेकर जा रहा था. सैप जवान जब ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लेकर आ रहे थे. तब ट्रैक्टर मालिक और उसके साथियों ने जवानों से मारपीट शुरू कर दी.

### दिल्ली के दो स्कूल और कोर्ट को उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली.** एक तरफ पिछले दिनों दिल्ली में हुए ब्लास्ट को लेकर धरपकड़ और जांच का दौर चल रहा है. इस बीच आज दिल्ली के दो सीआरपीएफ स्कूलों और कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. राजधानी में मौजूद पटियाला, साकेत और द्वारका कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है. धमकी के बाद पुलिस ने तुरंत अलर्ट जारी किया और बम स्क्वाड व डॉग स्क्वाड ने जांच तेज कर दी. सूत्रों के मुताबिक जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन के नाम पर ये इमेल भेजा गया था, जिसके बाद सतर्क होकर टीम ने सभी जगह चेकिंग अभियान चलाया. हालांकि अभी तक जांच में किसी तरह का बम नहीं मिला है.

### एक्स और क्लाउडफ्लेयर दुनियाभर में हुए डाउन

**नई दिल्ली.** दुनियाभर में हजारों यूजर्स के लिए एक्स (ट्विटर), फेसबुक सहित कई सोशल मीडिया वेबसाइट्स और म्यूजिक स्ट्रीमिंग एप स्पॉटिफाई डाउन हो गए हैं. कई यूजर्स ने एप्लिकेशन का उपयोग करने में समस्याओं की रिपोर्ट दी है. कई प्लेटफॉर्म्स के सर्वर क्लाउड फ्लेर पर होस्ट किए गए हैं, जो वेबसाइट्स को साइबर हमलों से बचाने और कंटेंट को तेजी से लोड करने में मदद करता है. अब धीरे-धीरे यूजर्स को सर्विसेज मिलना शुरू हो गई हैं. एक्स यूजर्स ने बताया है कि वे न तो ऐप को सही ढंग से एक्सेस कर पा रहे हैं और न ही कंटेंट देख पा रहे हैं.

# छग में खूंखार नक्सली हिडमा का खात्मा

**24** से अधिक हमलों का मास्टरमाइंड था हिडमा

**01** एक करोड़ रुपए का इनाम था हिडमा पर



**रायपुर/सुकमा, 18 नवंबर (वार्ता) देश में कुख्यात माओवादी कमांडर मादवी हिडमा सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मंगलवार को मारा गया, उसके साथ ही उसकी पत्नी मढ़कम राजे भी मारी गई.**

हिडमा 24 से अधिक बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड रह चुका था, उसे 2013 के दरभा घाटी नरसंहार और 2017 के सुकमा हमले के लिए जिम्मेदार बताया गया था. बता दें कि बस्तर क्षेत्र से सेंट्रल कमेटी में शामिल एकमात्र आदिवासी सदस्य हिड़मा के सिर पर केंद्र और विभिन्न राज्यों की ओर से कुल लगभग एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था, जिसमें अकेले केंद्र सरकार ने 50 लाख रुपये का इनाम रखा था.

> डीजीपी ने जगदलपुर में यूनिवार्ता से बात करते हुए बताया कि मुठभेड़ में हिड़मा समेत छह नक्सली मारे गए हैं, जिनकी पहचान हिड़मा - सेंट्रल कमेटी सदस्य (सीसीएम), मड़कम राजे (पत्नी) - (एसजेडसीएम), लकमल - डीसीएम, कमलु - पीपीसीएम, मल्ला - पीपीसीएम और देवे - हिडंमा का गार्ड के रूप में हुयी है. सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से दो एके-47, एक रिवॉल्वर और एक पिस्टल बरामद की है.

छत्तीसगढ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम ने आज हिड़मा के मारे जाने की पुष्टि की.

# भारत आत्मविश्वास के साथ बढ़ रहा है आगे

- लोकतंत्र की बढ़ती शक्ति पर लोगों का बढ़ा विश्वास : मोदी
- गुलामी की मानसिकता से बाहर आएं भारत के लोग



**नई दिल्ली, 18 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को छठवें रामनाथ गोयनका व्याख्यान में दिए अपने भाषण को साझा करते हुए देशवासियों से अगले दस वर्षों में गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह मानसिकता उपनिवेशवाद की विरासत है और भारत को अब सामूहिक संकल्प के साथ इससे बाहर आकर आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना चाहिए।**

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट के माध्यम से रामनाथ गोयनका को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गोयनका का जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना और सत्य के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक था। उनका समर्पण आज भी पत्रकारिता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरक बना हुआ है।

लोकतंत्र पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने हाल के बिहार विधानसभा चुनावों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड मतदान, विशेषकर महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि, इस बात का प्रमाण है कि भारत का लोकतंत्र लगातार सशक्त और परिपक्व हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने का मूल मंत्र जनता की आकांक्षाओं को समझना है, न कि हर समय चुनाव मोड में बने रहना।

### शशि थरूर ने की पीएम मोदी के भाषण की तारीफ

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही कांग्रेस नेता शशि थरूर के सुर बदले नजर आ रहे हैं. कांग्रेस सांसद होने के बावजूद शशि थरूर अक्सर सार्वजनिक मंच पर पीएम मोदी समेत सरकार के कई फैसलों की सराहना करते दिखाई देते हैं. दरअसल पीएम मोदी ने मंगलवार को छठे रामनाथ गोयनका व्याख्यान को संबोधित करते हुए 2035 तक भारत को मैकाले की मानसिकता से निकालने की हुंकार भरी थी. पीएम मोदी के भाषण के दौरान ऑडियंस की कतार में शशि थरूर भी मौजूद थे.

# सुको के निशाने पर जांच एजेंसियां

- खातों में हेराफेरी व संस्थागत मिलीभगत का है आरोप
- केंद्र, ईडी, सीबीआई और अनिल अंबानी से जवाब मांगा



**नई दिल्ली, 18 नवंबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और व्यवसायी अनिल अंबानी से एक जनहित याचिका पर जवाब मांगा है.**

इस याचिका में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और इस समूह की अन्य संस्थाओं की ओर से कथित तौर पर बैंकों के ऋण के दुरुपयोग और बड़े पैमाने पर हुई बैंक धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है. केन्द्र सरकार के पूर्व सचिव ईएएस सरमा की ओर से दायर इस याचिका में भारत के सबसे बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी में से एक में धन के व्यवस्थित दुरुपयोग, खातों में हेराफेरी और संस्थागत मिलीभगत का आरोप लगाया गया है. मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने नोटिस जारी कर केंद्र, सीबीआई, ईडी और अंबानी को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया.

# हार के बाद कांग्रेस में हाहाकार

**43** नेताओं को कारण बताओ थमाया नोटिस

**21** नवंबर तक मांगा गया लिखित स्पष्टीकरण

**पटना, 18 नवंबर. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस में अंतर्कलह अब खुलकर सामने आ गई है. पार्टी की प्रदेश इकाई ने संगठन-विरोधी गतिविधियों के आरोप में अपने ही 43 नेताओं को कारण पत्र जारी किया है. इन सभी से 21 नवंबर दोपहर 12 बजे तक लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है.**

### आलोचना करने वाले नेताओं को नोटिस भेजा

अब जब पार्टी ने आलोचना करने वाले नेताओं को नोटिस भेजा है, तो असंतोष और गहरा हो गया है. नाराज नेताओं का आरोप है कि संसाधनों की कमी और कमजोर नेतृत्व पर सवाल उठाने के बजाय कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व आलोचनात्मक आवाजों को दबाने की कोशिश कर रहा है.

कांग्रेस के आदेश के अनुसार, चुनाव अवधि के दौरान कई वरिष्ठ नेताओं ने मीडिया और अन्य मंचों पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर बयान दिए, जिससे संगठन की छवि और चुनावी प्रदर्शन पर नकारात्मक असर पड़ा. प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने पुष्टि की कि नोटिस उन नेताओं को भेजे गए हैं, जिनकी गतिविधियां पार्टी अनुशासन के विरुद्ध पाई गईं. चुनाव अभियान के समय ही कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर नाराजगी उभर आई थी. स्थानीय नेताओं की अनदेखी, बंद कमरे में रणनीति तैयार करने और संसाधनों की कमी जैसे मुद्दों को लेकर कई नेताओं ने खुलकर प्रदेश नेतृत्व पर सवाल उठाए थे. कई ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और चुनाव प्रभारी कृष्णा अल्लावारू की शैली को हार की मुख्य वजह बताया था.

# ईरान ने भारतीयों के लिए बंद कर दी फ्री वीजा एंट्री

- नया नियम 22 नवंबर से होगा लागू
- भारत के विदेश मंत्रालय ने की एडवाइजरी जारी

**तेहरान, 18 नवंबर. ईरान ने भारतीयों के लिए 22 नवंबर से बिना वीजा प्रवेश की सुविधा बंद कर दी है. यह कदम उस समय उठाया गया, जब कई भारतीयों को नकली नौकरी दिलाने के नाम पर ईरान भेजने, वहां तस्करी करने और फिरौती के लिए अगवा करने जैसी घटनाएं लगातार सामने आईं.**

सरकार ने साफ कर दिया है कि यह प्रतिबंध सभी भारतीय सामान्य पासपोर्ट धारकों पर लागू होगा. अब ईरान में कदम रखने से लेकर केवल एयरपोर्ट के रास्ते ट्रांजिट करने तक हर स्थिति में वीजा अनिवार्य होगा.

यह बदलाव सिर्फ एक कागजी नियम नहीं है, बल्कि उसकी बुनियाद कुछ बेहद गंभीर मुद्दों पर है. भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत एक चेतावनी जारी की है. खासकर उन एजेंटों से सावधान रहने के लिए जो वीजा-मुक्त ट्रैवल का झांसा देकर लोगों को गुमराह कर रहे थे. एमईए ने बताया है कि पिछले कुछ समय में कई भारतीयों को नौकरी या तीसरे देश ट्रांजिट के नाम पर ईरान भेजा गया था.

**योजनाएं चढ़ी परवान** | कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोलर पंप स्थापना की योजना में संशोधन को दी मंजूरी

# 3 एचपी वाले 5 और 5 वाले 7 .5 एचपी का लगा सकेंगे सोलर पंप

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 नवंबर. प्रदेश में अस्थायी बिजली कनेक्शन वाले किसानों को सोलर पंप लगाने के लिये बड़ी रियायत दी जाएगी. ऐसे किसान जिनके पास 3 एचपी का अस्थायी कनेक्शन है, वे 5 एचपी तक का सोलर पंप लगा सकेंगे, वहीं 5 एचपी अस्थायी कनेक्शन वाले किसान 7.5 एचपी तक की क्षमता वाले सोलर पंप लगा सकेंगे.**

कैबिनेट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना में सिंचाई के लिये सोलर पम्प स्थापना की योजना में संशोधन की मंजूरी दे दी है. निर्णय के तहत योजना के पहले चरण में अस्थायी विद्युत कनेक्शन संयोजन वाले किसानों अथवा अविद्युतीकृत किसानों को सोलर पम्प का लाभ दिया जाएगा. योजना अनुसार 7.5 एचपी क्षमता तक का सोलर पम्प पम्प लगाने के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन धारी कृषक का अंश 10 फीसदी रहेगा. वहीं राज्य सरकार 90 फीसदी सब्सिडी देगी.



कैबिनेट ने प्रदेश के 12 जिलों भोपाल, इन्दौर, नरसिंहपुर, मण्डलेश्वर (खरगौन), बालाघाट, गुना, भिण्ड, सीहोर, अमरकंटक (अनूपपुर), पन्ना, श्योपुर एवं शुजालपुर (शाजापुर) में 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सलयों एवं बड़वानी जिले में 30 बिस्तरीय चिकित्सालय के संचालन के लिए 373 पद एवं 806 मानव संसाधन सेवाएं ऑन कॉल की मंजूरी दी है. स्वीकृत नवीन पदों में प्रथम श्रेणी के 52 पद, द्वितीय श्रेणी के 91 और तृतीय श्रेणी के 230 पद शामिल है. नियमित पदों पर वार्षिक वित्तीय भार 25 करोड़ 57 लाख रूपये आयेगा. इसके साथ ही स्वीकृत मानव संसाधन सेवाओं मे द्वितीय श्रेणी के 91, तृतीय श्रेणी के 117 और चतुर्थ श्रेणी के 598 पद शामिल है.

प्रदेश में अब ऐसे बच्चे जो कि बेघर हैं या फिर प्राकृतिक आपदा से पीड़ित, बाल श्रमिक, बाल वेश्यावृति के शिकार हैं या फिर एड्स पीड़ित, बाल भिक्षुक, सड़क पर रहने वाले, घर से भागे, लापता, शोषण और दुर्व्यवहार के शिकार श्रेणी के हैं, ऐसे बच्चों को अब सरकार प्रतिमाह 4 हजार रुपये तक देगी.

कैबिनेट ने मिशन वात्सल्य योजना के तहत गैर संस्थागत सेवा योजना यथा स्पॉन्सरशिप, फॉस्टर केयर, आफ्टर केयर को आगामी 5 वर्षों तक प्रदेश के समस्त जिलों में संचालित करने की मंजूरी दी है.

### यह निर्णय भी लिये

- मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् में भर्ती के लिए सेवा शर्ते एवं नियम अनुमोदित
- मेडिको लीगल संस्थान के अधिकारियों को पुनरीक्षित (सातवें) वेतनमान का वास्तविक लाभ प्रदान किया जाएगा.
- प्रदेश में क्रियान्वित सोशल इम्पैक्ट बॉन्ड योजना में संशोधन. आयुक्त, संस्थागत वित्त को राज्य स्तरीय स्टीयरिंग समिति का सदस्य सचिव के रूप में नामित. योजनान्तर्गत 100 करोड़ का बजट प्रावधान.
- नव गठित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर-मालवा के लिए 9 नवीन पदों का सृजन.